बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

पत्रांक–01/विकास–यो0–242/2026– 283 स्वी0/ u पटना, दिनांक– 31 जुलाई, 2026

प्रेषक,

**अनिल कुमार झा,** भा0प्र0से0
ईखायुक्त, बिहार।

सेवा में,

**महालेखाकार,**
बिहार, पटना।

द्वारा– **आंतरिक वित्तीय सलाहकार।**

विषय : **वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजना अंतर्गत बिहार राज्य में कार्यरत चीनी मिलों (हरिनगर, हसनपुर और नरकटियागंज) में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 42.80 लाख (बयालीस लाख अस्सी हजार) रूपये निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेशः **स्वीकृत।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक राज्य में मृदा स्वास्थ्य को अक्षुण्ण रखते हुए गन्ना की उत्पादकता में वृद्धि, टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन तथा संतुलित एवं आवश्यकतानुसार उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजना अंतर्गत बिहार राज्य में कार्यरत चीनी मिलों (हरिनगर, हसनपुर और नरकटियागंज) में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 42.80 लाख (बयालीस लाख अस्सी हजार) रूपये निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**(2).** राज्य में कार्यरत हरिनगर, हसनपुर एवं नरकटियागंज चीनी मिलों में स्थापित मिट्टी जाँच प्रयोगशाला का सुदृढ़ीकरण संबंधित चीनी मिल के द्वारा किया जायेगा। इस योजना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित उप निदेशक, ईख विकास होंगे। कार्यालयवार स्वीकृत राशि का विवरण तथा संबंधित उप निदेशक, ईख विकास के द्वारा संबंधित कोषागार से राशि की निकासी हेतु विवरणी **परिशिष्ट–1** के रूप में संलग्न है। हरिनगर, हसनपुर एवं नरकटियागंज चीनी मिलों को उनके द्वारा समर्पित अभिश्रव के आलोक में CFMS के माध्यम से अनुदान का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

**(3). योजना का कार्यान्वयन निम्न प्रक्रिया के अनुरूप किया जायेगा–**

(i) मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण हरिनगर, हसनपुर एवं नरकटियागंज चीनी मिलों के द्वारा समर्पित परियोजना प्रस्ताव के अनुरूप किया जायेगा। स्वीकृत परियोजना प्रस्ताव की प्रति **परिशिष्ट–2, 3, 4** के रूप में संलग्न है।

(ii) मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य प्रारंभ के पूर्व संबंधित उप निदेशक, ईख विकास के द्वारा प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर फोटो सहित निरीक्षण प्रतिवेदन संधारित किया जायेगा।

29/3/2026

(iii) इस कार्य हेतु हरिनगर, हसनपुर और नरकटियागंज शुगर मिल को क्रमशः **12.75 लाख, 11.54 लाख, 18.51 लाख** रुपये का अनुदान दिया जाना है। जिसके व्यय की संक्षिप्त विवरणी निम्नवत् है–

| S.N | Particulars | Harinagar Sugar mill | | Hasanpur sugar mill | | Narkatiaganj Sugar mill | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Estimated cost | Subsidy (75 %) | Estimated cost | Subsidy (75 %) | Estimated cost | Subsidy (75 %) |
| 1 | Equipments | 17.00 | 12.75 | 15.40 | 11.54 | 19.90 | 14.91 |
| 2 | Chemicals, Glass wares, Plastic wares | - | - | - | - | 4.80 | 3.60 |
| | **Sub Total** | **17.00** | **12.75** | **15.40** | **11.54** | **24.70** | **18.51** |
| | **Grand Total** | **Estimated Cost – 57.10**<br>**Subsidy (75 %) – 42.80** | | | | | |

(iv) इसके उपरांत संबंधित चीनी मिल के द्वारा स्वीकृत परियोजना प्रस्ताव के अनुरूप सामग्रियों के क्रय एवं अधिष्ठापन के उपरांत अनुदान के भुगतान हेतु मूल अभिश्रव संबंधित उप निदेशक, ईख विकास को समर्पित किया जायेगा।

(v) संबंधित उप निदेशक, ईख विकास के द्वारा प्राप्त मूल अभिश्रव, संलग्न परियोजना प्रस्ताव एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के आलोक में क्रय मूल्य का 75 प्रतिशत अधिकतम अवयववार निर्धारित राशि (**परिशिष्ट–5, 6 एवं 7 में** ) का भुगतान संबंधित चीनी मिल के बैंक खाते में CFMS के माध्यम से किया जायेगा।

(vi) संबंधित उप निदेशक, ईख विकास राशि भुगतान के उपरांत प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य के प्रगति का प्रत्येक माह अनुश्रवण करेगें तथा प्रगति प्रतिवेदन मुख्यालय को भी प्रेषित करेगें।

(vii) प्रयोगशालाओं के प्रगति का अनुश्रवण संयुक्त निदेशक, ईख विकास के द्वारा समय–समय पर किया जायेगा।

(viii) प्रयोगशालाओं सुदृढ़ीकरण का कार्य वित्तीय वर्ष 2026–27 के अंत तक निश्चित रूप से पूरा कर लिया जायेगा।

(ix) सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण होने पर संबंधित चीनी मिलों के द्वारा विस्तृत फलाफल प्रतिवेदन, मिट्टी नमूना जाँच विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को समर्पित किया जायेगा।

**(4)**. इस योजनांतर्गत राज्य योजनान्तर्गत बजट प्रावधान के तहत स्वीकृत राशि की निकासी निम्न शीर्ष से विकलनीय होगा–

| क्रम संख्या | बजट शीर्ष | विषय शीर्ष | वित्तीय वर्ष 2026–27 में निकासी हेतु स्वीकृत राशि / विकलनीय राशि (लाख रू0) |
|---|---|---|---|
| 1. | <u>सामान्य वर्ग–</u><br>मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म–उप मुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–108 वाणिज्यिक फसलें मांग संख्या–45 उप शीर्ष–0109 ईख विकास विपत्र कोड–45–2401001080109 | 33 01 सब्सिडी | **42.80** |
| | **योग–** | | **42.80** |

29/7/2026

(5). ईखायुक्त, बिहार योजना के नियंत्री पदाधिकारी होंगे तथा इसके कार्यान्वयन हेतु विहित प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के समाधान के संबंध में यथासमय निदेश दिया जायेगा।

(6). वित्त विभाग के पत्रांक–2561 (वि0)2 दिनांक–17.04.1998 का अनुपालन निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(7). योजना प्रस्ताव पर विभागीय स्थायी वित्त समिति की दिनांक–13.07.2026 एवं स्कीम स्क्रीनिंग समिति की दिनांक–22.07.2026 को आयोजित बैठक में स्वीकृति प्राप्त है।

(8). स्वीकृत्यादेश प्रारूप एवं प्रस्ताव पर सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

(9). स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

(10). वित्त विभाग के पत्रांक 7355 दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

अनुलग्नक–यथोक्त:

विश्वासभाजन

29/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञाप संख्या–01/विकास–यो0–242/2026– 283 स्वी0/ ... पटना, दिनांक– 31 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, मोतिहारी एवं समस्तीपुर/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञाप संख्या–01/विकास–यो0–242/2026– 283 स्वी0/ ... पटना, दिनांक– 31 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि– विशेष कार्य पदाधिकारी, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना/संयुक्त निदेशक, ईख विकास/उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी एवं पूसा/महाप्रबंधक, हरिनगर, नरकटियागंज एवं हसनपुर चीनी मिल/सभी सहायक निदेशक, ईख विकास/सभी विशेष ईख पदाधिकारी एवं ईख पदाधिकारी/बजट शाखा, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. आई0 टी0 प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञाप संख्या–01/विकास–यो0–242/2026– 283 स्वी0/ ... पटना, दिनांक– 31 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/ईखायुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।

## परिशिष्ट–1

वित्तीय वर्ष 2026–27 में मिट्टी जांच प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यालयवार/चीनी मिलवार स्वीकृत भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य तथा संबंधित कोषागार का नाम जिससे राशि की निकासी की जायेगी का विवरणी।

| क्र0सं0 | कार्यालय का नाम | संबद्ध चीनी मिल का नाम | विषय शीर्ष 33 01 सब्सिडी मिट्टी जाँच प्रयोगशाला का सुदृढ़ीकरण सामान्य | | कोषागार का नाम जहाँ से राशि की निकासी की जायेगी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | भौतिक (संख्या में) | वित्तीय (राशि लाख रू0 में) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी | हरिगनर चीनी मिल, प0 चम्पारण | 1 | 12.75 | कोषागार, बेतिया, प0 चम्पारण |
| 2 | उप निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी | नरकटियागंज चीनी मिल, प0 चम्पारण | 1 | 18.51 | कोषागार, बेतिया, प0 चम्पारण |
| 3 | उप निदेशक, ईख विकास, पूसा | हसनपुर सुगर मिल, हसनपुर, समस्तीपुर | 1 | 11.54 | कोषागार, समस्तीपुर |
| योग– | | | 3 | 42.80 | |

(हस्ताक्षर) 29/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।

P-1, 2 for Sanction STL 2026-27-4

परिशिष्ट–5

**Requirement for strengthening of soil testing laboratory of Harinagar sugar mill**

| S. N. | Equipment | Proposed Quantity | Estimated Cost (Lakh) | Subsidy (75%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Atomic Absorption Spectrophotometer (AAS) | 1 | 12.00 | 9.00 |
| 2 | VIS Double Beam Spectrophotometer | 1 | 1.00 | 0.75 |
| 3 | Nitrogen Analyzer | 1 | 4.00 | 3.00 |
| | **Total** | **3** | **17.00** | **12.75** |

29/7/2024

ईखायुक्त, बिहार।

## परिशिष्ट–6

# Requirement for strengthening of soil testing lab of Hasanpur sugar mill

| S.N. | Name of instruments | Qty. | Price (lakh) | Subsidy (75%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AAS, Make–Hitachi, model ZA3300 with chiller setup, stage regulator, acetylene gas cylinder and air compressor (2 HP) | 1 | 12.00 | 9.00 |
| 2 | Digital Flame Photometer, Make–Labotronics, Model LT-65 | 1 | 0.30 | 0.22 |
| 3 | Spectrophotometer (UV-VIS), Make–LABMAN, Model LMSP-UV1900S, Double Beam | 1 | 1.00 | 0.75 |
| 4 | pH & Conductivity Meter, Make–EUTECH, Model PC700 | 1 | 0.35 | 0.26 |
| 5 | Moisture Meter – WENSAR, LMB1 | 1 | 0.30 | 0.23 |
| 6 | Electronic Weighing Balance, Make–WENSAR | 1 | 0.15 | 0.11 |
| 7 | Digital Orbital Shaker – 36 Places, Make–Tempstar | 1 | 0.35 | 0.26 |
| 8 | Hot Plate, Make–REMI-5MLH | 1 | 0.10 | 0.07 |
| 9 | Double Distillation Apparatus, Make–J-SIL, Capacity 4.0 Lit/Hr. | 1 | 0.50 | 0.38 |
| 10 | Kjeldahl Setup | 1 | 0.35 | 0.26 |
| | **Total** | **12** | **15.40** | **11.54** |

29/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।

## परिशिष्ट–7

## Requirement for strengthening of soil testing lab of Narkatiaganj sugar mill

| S.N. | Lab Equipment | Qty. | Amount (lakh) | Subsidy (75%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Nitrogen analyser | 1 | 4.00 | 3.00 |
| 2 | Spectrophotometer for sulphar analysis | 1 | 1.00 | 0.75 |
| 3 | A.A. Spectrophotometer | 1 | 12.00 | 9.00 |
| 4 | A.C 2.0 ton for A.A.S.P room | 3 | 1.20 | 0.90 |
| 5 | Hot air oven, size 24x24x24 | 2 | 0.60 | 0.45 |
| 6 | Rotary shakers - heavy duty - RS-144 | 1 | 0.35 | 0.26 |
| 7 | Digital electronic balance (up to 1mg) | 1 | 0.15 | 0.11 |
| 8 | Electric conductivity meter | 1 | 0.30 | 0.22 |
| 9 | Flame photometer | 1 | 0.30 | 0.23 |
| 10 | Glasswares | 1 | 0.80 | 0.60 |
| 11 | Lab chemicals | 1 | 4.00 | 3.00 |
| | **Total** | 14 | **24.70** | **18.51** |

24/7/2026

ईखायुक्त, बिहार।